# 2 नीलम परी

# अभ्यास

बोलिए

1. पढ़िए— दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।

2. बताइए

क. नीलम परी अपनी छड़ी से क्या-क्या कर सकती थी?

उ. नीलम परी अपनी छड़ी से मनचाहा काम कर सकती थी।

ख. मिंटू क्यों रो रहा था?

उ. मिंटू रास्ता भटक गया था इसलिए रो रहा था।

ग. बच्चे घर कैसे पहुँचे?

उ. बच्चे नीलम परी के उड़नखटोले में बैठकर घर पहुँचे।

घ. आप किसी को धन्यवाद और सॉरी कब कहते हैं?

उ. जब कोई हमारी मदद करता है तो हम उसको धन्यवाद कहते हैं और जब हमसे कोई गलती हो जाती है तो हम सॉरी कहते हैं।

3. **सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

◈ कोई गलती करने पर आप क्या करेंगे? चुनकर बताइए—

उ. ✓ गलती को सुधारेंगे ✓ माफ़ी माँगेंगे

**लिखिए**

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

क. परी का क्या नाम था? ✓ नीलम

ख. परी को मिंटू कहाँ मिला? ✓ तालाब के किनारे

2. **कहानी के क्रम के अनुसार 1, 2, 3, 4, 5 लिखिए—**

क. परी ने मिंटू को फल दिए। 2

ख. बच्चे घर पहुँच गए। 5

ग. परी ने बच्चों को उड़नखटोले में बैठाया। 4

घ. मिंटू रो रहा था। 1

ङ. परी ने मिंटू के भाई-बहन को ढूँढ़ लिया। 3

3. **कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—**

क. मिंटू कहाँ जा रहा था? उ. मिंटू मेला देखने जा रहा था।

ख. सुंदर बगीचा किसका था? उ. सुंदर बगीचा नीलम परी का था।

ग. मिंटू को भाई-बहन कहाँ मिले? उ. मिंटू को भाई-बहन बगीचे के दूसरी ओर मिले।

4. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—**

क. तालाब के किनारे परी ने क्या देखा?

उ. तालाब के किनारे परी ने देखा कि वहाँ एक अकेला बच्चा रो रहा है।

ख. मिंटू कैसे खो गया था?

उ. मिंटू अपने भाई-बहन को बिना बताए बाग में आ गया था। वहाँ वह रास्ता भटक गया और खो गया।

ग. परी ने बच्चों को क्या समझाया?

उ. परी ने बच्चों को समझाया कि बिना बताए अकेले कहीं नहीं जाना और मम्मी-पापा के साथ ही जाना।

5. **पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

बच्चे ने कहा ............................................... घर का रास्ता नहीं पता।"

क. बच्चे का क्या नाम था?

उ. बच्चे का नाम मिंटू था।

ख. बच्चा मेला देखने किसके साथ जा रहा था?

उ. बच्चा मेला देखने अपने भाई-बहन के साथ जा रहा था।

ग. मिंटू घर क्यों नहीं जा पा रहा था?

उ. मिंटू रास्ता भटक गया था इसलिए वह घर नहीं जा पा रहा था।

घ. पाठांश से दो-दो लड़का-लड़की वाले शब्द चुनकर लिखिए।

उ. **लड़का**— भाई, पापा **लड़की**— बहन, मम्मी

## समझिए व्याकरण संबोध

**1. दिए गए शब्दों को सही मात्रा के स्थान पर लिखिए—**

उ ( ु ) — ···खुश··· ···मुझे··· ···सुंदर··· ···कुछ···

ऊ ( ू ) — ···भूखे··· ···कूदा··· ···पूछा··· ···दूसरा···

**2. इनसे बने शब्द पाठ से चुनकर लिखिए—**

ष्ट — ···स्वादिष्ट··· च्च — ···बच्चा··· स्त — ···रास्ता··· न्य — ···धन्यवाद···

**3. इन शब्दों में बिंदु ( ं ) लगाकर लिखिए—**

बदर — ···बंदर··· चदा — ···चंदा··· पसद — ···पसंद··· रग — ···रंग···

**4. सही शब्द चुनकर लिखिए—**

उसका, उसे, उसके, वह

एक परी थी।

···उसका··· नाम नीलम था।

···वह··· बहुत सुंदर थी।

···उसके··· पास जादुई छड़ी थी।

···उसे··· बच्चे पसंद थे।

**5. 'में' या 'मैं' लिखकर वाक्य पूरे कीजिए—**

**क.** ···मैं··· मेला देखने जा रहा था।

**ख.** रास्ते ···में··· सुंदर बगीचा मिला।

**ग.** ···मैं··· एक परी हूँ।

**घ.** कुछ ही देर ···में··· वे घर पहुँच गए।

## विषय संवर्धन गतिविधियाँ (Subject Enrichment Activities)

# 3 मीठा झगड़ा

# अभ्यास

**बोलिए**

1. **पढ़िए—** दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।

2. **बताइए**

   **क.** जलेबी ने खुद को क्या बताया?

   **उ.** जलेबी ने खुद को सबसे रसीला बताया।

   **ख.** रसगुल्ला किससे बनता है?

   **उ.** रसगुल्ला दूध के छैने से बनता है।

   **ग.** मिठाइयों का पिता कौन है?

   **उ.** मिठाइयों का पिता दूध है।

3. **सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

✧ मिल-जुलकर रहने के बहुत फ़ायदे हैं। आप अपने दोस्तों के साथ मिल-जुलकर क्यों रहेंगे? सही उ
✓ का निशान लगाइए—

**उ.** ✓ साथ खेलने के लिए ✓ एक-दूसरे की मदद करने के लिए ✓ खुशी पाने

**लिखिए**

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

   **क.** सबको मिलकर रहने का संदेश किसने दिया? ✓ दूध ने

   **ख.** जलेबी कैसी मिठाई है? ✓ रसीली

2. **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

   **क.** रबड़ी बोली, चुप हो जाओ, ...मुझको क्या बतलाती... ।

   **ख.** मेरे घी में तली जलेबी, ...मुझसे बनती रबड़ी... ।

   **ग.** मुझसे बने छैना रसगुल्ला, ...क्यों डींग हाँकता तगड़ी... ।

3. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—**

**क.** कविता में किन-किन मिठाइयों के नाम दिए गए हैं?

**उ.** कविता में जलेबी, रबड़ी और रसगुल्ले के नाम दिए गए हैं।

**ख.** दूध ने खुद को मिठाइयों का पिता क्यों कहा?

**उ.** दूध ने खुद को मिठाइयों का पिता इसलिए कहा है क्योंकि सभी मिठाइयाँ दूध की मदद से ही बनती है।

**ग.** किसको पाकर दुनिया बरतन चट कर जाती है?

**उ.** रबड़ी को पाकर दुनिया बरतन चट कर जाती है।

**घ.** रसगुल्ले ने क्या कहा?

**उ.** रसगुल्ले ने कहा कि उसे राजा-रानी, बच्चे, बूढ़े और परी सभी चाहते हैं।

4. **कविता में से वे पंक्तियाँ छाँटकर लिखिए, जिनका अर्थ नीचे दिया गया है—**

**क.** मैं सबसे रसीली हूँ।

**उ.** अकड़ के बोली गोली जलेबी,
मुझ-सा कौन रसीला?

**ख.** दूध के कारण ही सब अपनी शान बढ़ाते हैं।

**उ.** मेरे ही कारण तुम सबने,
अपनी शान बढ़ाई।

5. **कविता का कोई अन्य शीर्षक लिखिए—**

झूठी शान (छात्र अपनी-अपनी पसंद का शीर्षक लिखें)

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **समान अर्थवाले शब्द लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बरतन | — | ···पात्र··· | शहर | — | ···नगर··· |
| दुनिया | — | ···संसार··· | प्रणाम | — | ···नमस्कार··· |
| दोस्त | — | ···मित्र··· | पिता | — | ···जनक··· |

2. **खाली स्थान में सही वर्ण भरिए—**

| | |
|---|---|
| ···आ··· + म = आम | क + ···बी··· + ···ला··· = कबीला |
| ···च··· + ट = चट | मु + ···स··· + ···का··· + ···ना··· = मुसकाना |


3. **नीचे कुछ मिठाइयों के चित्र दिए गए हैं। उनकी विशेषता बतानेवाले दो-दो शब्द लिखिए—**



···सफ़ेद, मीठा···



···गोल, रसीली···



···मीठी, स्वादिष्ट···

4. पढ़िए और दो-दो शब्द लिखिए—

ऋ ऋतु ऋचा ...ऋण... ...ऋषि...

ृ कृष्ण कृपा ...वृक्ष... ...गृह...

5. नीचे दिए गए गलत वाक्यों को सही करके लिखिए—

क. अकड़ के बोला गोल जलेबी। ...अकड़ के बोली गोल जलेबी।...

ख. रबड़ी बोला चुप हो जाओ। ...रबड़ी बोली चुप हो जाओ।...

ग. मैं हूँ पिता तुम्हारी। ...मैं हूँ पिता तुम्हारा।...

घ. रसगुल्ले ने देखी सबको। ...रसगुल्ले ने देखा सबको।...

# 4 बदल गई सुहानी

# अभ्यास

## बोलिए

1. पढ़िए— दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
2. बताइए

   क. सब लोग सुहानी को प्यार क्यों करते थे?

   उ. सुहानी की अच्छी आदतों के कारण सब उसको प्यार करते थे।

   ख. सुहानी ने कमरा क्यों बिखेर दिया था?

   उ. सुहानी ने अपने रंग ढूँढ़ने के लिए पूरा कमरा बिखेर दिया था।



ग. बदल गई सुहानी— यह कैसे पता लगा?

उ. दोपहर में सुहानी घर आई और उसने अपना सामान सही जगह पर रखा, इससे पता लगा कि सुहानी बदल गई है।

3. **सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

✧ आप अपने कमरे और बस्ते को कैसे व्यवस्थित रखेंगे? चुनकर बताइए—

उ. ✓ कमरे की चीज़ों को सही जगह पर रखेंगे ✓ बस्ते को समय-समय पर साफ़ करेंगे

**लिखिए**

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

क. सुहानी कैसी छात्रा थी? ✓ होनहार

ख. स्कूल में कौन-सी प्रतियोगिता थी? ✓ चित्रकला

2. **खाली स्थान भरिए—**

क. सुहानी अपना सामान सही ···जगह··· पर नहीं रखती थी।

ख. मम्मी, मेरे रंग के डिब्बे में पूरे ···रंग··· नहीं हैं।

ग. सुहानी, तुम ···नाश्ता··· करो।

घ. मम्मी ने पूरा ···कमरा··· व्यवस्थित किया।

3. **कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—**

क. सुहानी में कौन-सी बुरी आदत थी? उ. सुहानी अपना सामान सही जगह पर नहीं रखती थी।

ख. प्रतियोगिता कब थी? उ. प्रतियोगिता दो दिन बाद थी।

ग. मम्मी को गुस्सा क्यों आया? उ. मम्मी को कमरे की हालत देखकर मम्मी को गुस्सा आया।

घ. चित्र कैसा बना था? उ. चित्र बहुत सुंदर बना था।

4. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—**

क. मम्मी सुहानी को क्या समझाती थीं?

उ. मम्मी सुहानी को समझाती थीं कि सामान सही जगह रखा करो।

ख. प्रतियोगिता के दिन सुहानी क्यों डर गई?

उ. प्रतियोगिता के दिन सुहानी इसलिए डर गई क्योंकि उसके रंग के डिब्बे में पूरे रंग नहीं थे।

ग. मम्मी हैरान क्यों थीं?

उ. सुहानी ने अपने जूते, बस्ता, टाई, बोतल अपनी-अपनी जगह रख दिए, यह देखकर मम्मी हैरान थीं।

घ. सुहानी क्या समझ चुकी थी?

उ. सुहानी यह समझ चुकी थी कि उसे अपना सामान सही जगह पर रखना चाहिए।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **इनके लड़की शब्द पाठ से ढूँढ़कर लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | — | ···छात्रा··· | शिक्षक | — | ···शिक्षिका··· |
| पापा | — | ···मम्मी··· | बेटा | — | ···बेटी··· |

2. **वाक्यों में क्या काम हो रहा है, गोला लगाइए—**

क. वह अपना सामान सही जगह नहीं (रखती थी)।

ख. मम्मी ने उसे प्यार से खाना (खिलाया)।

ग. सुहानी ने पूरा कमरा (बिखेर दिया)।

घ. मैं (ढूँढ़ती हूँ)।


ङ. दोपहर में सुहानी घर (आई)।

3. **खाली स्थान में 'श' 'ष' या 'स' लिखकर शब्द बनाइए—**


शिक्षिका


सड़क


सूरज


षटकोण

4. **इनके दो-दो शब्द लिखिए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रु | — | रुआँसे | ···रुपया··· | ···रुकना··· |
| रू | — | रूठना | ···रूप··· | ···रूमाल··· |
| र | — | प्यार | ···कमरा··· | ···घर··· |
| र् | — | सिर्फ़ | ···सूर्य··· | ···कर्म··· |
| ्र | — | प्रतियोगिता | ···ग्रह··· | ···क्रम··· |

5. **दी गई मात्राओं का प्रयोग कर दो-दो शब्द बनाइए—**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ा | — | ···राम··· | ···काम··· | | ो | — | ···होनहार··· | ···मोर··· |
| ु | — | ···पुल··· | ···सुबह··· | | | | | |

6. **शब्दों के सामने एक या अनेक लिखिए—**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शिक्षिकाएँ | — | ···अनेक··· | | जूते | — | ···अनेक··· |
| टाई | — | ···एक··· | | बस्ता | — | ···एक··· |
| डिब्बे | — | ···अनेक··· | | पेंसिल | — | ···एक··· |